## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. खूंटी संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और इंडी गठबंधन के कालीचरण मुंडा ने किया नामांकन, सिंहभूम से जोबा मांझी ने भी भरा पर्चा।
2. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण को लेकर नामांकन प्रक्रिया तेज, झारखंड की चार सीटों के लिए आज 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, अब तक 21 उम्मीदवारों ने भरे नामजदगी के पर्चे।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में खूंटी में की जनसभा, कहा– भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया पलटवार।
4. झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, अदालत ने विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट पर कार्रवाई का मांगा ब्यौरा।

और

5. तीरंदाजी विश्वकप आज से चीन के शंघाई में शुरु, तीन बार की ओलंपिक खिलाड़ी झारखड की दीपिका कुमारी पेश करेंगी भारतीय चुनौती।

*********************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया तेज हो गयी है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री और खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने आज नामांकन दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा के समक्ष श्री मुंडा ने नामांकन का पर्चा भरा। नामांकन के समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और खूंटी के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा मौजूद थे। नामांकन के बाद श्री मुंडा ने खूंटी में रोड शो भी किया। नामांकन दाखिल करने से पहले श्री मुंडा ने बाबा अमरेश्वर धाम और माता सोनमेर के दरबार में हाजिरी लगाई और अपनी पत्नी तथा पार्टी समर्थकों के साथ पूजा–अर्चना भी की।

*********************

खूंटी संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर में पूजा–अर्चना की।

*********************

उधर, सिंहभूम संसदीय सीट से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी ने भी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन समेत गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

नामांकन से पहले चाईबासा कांग्रेस भवन से खूंटकटी मैदान तक रैली निकाली गई और नामांकन के बाद एक जनसभा भी की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासियों की हितैषी नहीं है।

*********************

झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू संसदीय सीट के लिए होने वाले मतदान के सिलसिले में अब तक कुल 21 प्रत्याशियों ने अपनी

नामजदगी के पर्चे दाखिल किये हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि आज सिंहभूम संसदीय सीट के लिए तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा और पलामू से तीन–तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

********************

पलामू लोकसभा सीट के लिए आज तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। बहुजन समाज पार्टी से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा और भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से अभय कुमार भुइयां के अलावा एक अन्य ने नामांकन का पर्चा भरा। इससे पहले तीनों उम्मीदवारों ने शहर के अलग अलग इलाकों से रैली निकाली। कल इस सीट से एनडीए प्रत्याशी सांसद वीडी राम और इंडी गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुइयां नामांकन दाखिल करेंगे।

********************

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के नामांकन दाखिल करने के बाद एक चुनावी सभा का भी आयोजन किया गया। इसमें रक्षा मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की सभी 14 सीटों पर जीत का दावा किया। श्री सिंह ने इस दौरान इंडी गठबंधन पर हमला बोला।

********************

लोहरदगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज लोकसभा चुनाव को लेकर विधि–व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम द्वारा की जा रही नियमित जांच और कार्रवाई, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी और विधि व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां समेत जिले के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

********************

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक चतरा जिले में सोलह हजार नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किये गये हैं। चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि चतरा जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से अब तक जिले में 18 करोड़ 72 लाख से ज्यादा रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

********************

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और विधानसभा को जस्टिस विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई से संबंधित फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को इस मामले में प्रतिवादी बनाने का भी निर्देश दिया। अब इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी।

********************

जामताड़ा महाविद्यालय सभागार में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा ने 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को एक जून को होने वाले मतदान में सहभागिता निभाने पर जोर दिया।

********************

देवघर जिले में पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गाड़ी और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

********************

हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा जिले के खिलाड़ी अब अन्य खेलों में भी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

********************

तीरंदाजी विश्व कप 2024 आज से चीन के शंघाई में शुरु हो रहा है। तीन बार की ओलंपिक खिलाड़ी झारखंड की दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगी। भारत ने इस महीने की 23 से 28 तारीख के बीच होने वाले विश्व कप के पहले चरण के लिए आठ पुरुष और आठ महिलाओं की सोलह सदस्यीय तीरंदाजी टीम को भेजा है। दीपिका कुमारी मार्च महीने में भारत की तीरंदाजी चयन स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। वे महिलाओं की रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा में भाग लेंगी।

********************

लोहरदगा जिले के सेन्हा बरवाटोली से पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि अवैध बालू उठाव और परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब्त ट्रैक्टरों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

********************

गुमला जिले के घाघरा प्रखण्ड स्थित हापामुनि गांव में मां महामाया मंदिर में वार्षिक मंडापूजा आस्था के साथ की गयी। इस वर्ष करीब 180 भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ भगवान महादेव का ध्यान किया और नंगे पैर आग के अंगारों को पार किया ।

*******समाप्त*******